# 1. भाषा और व्याकरण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. भाषा का आधार बोलना, सुनना, लिखना और पढ़ना है।
2. भाषा के मुख्य रूप मौखिक और लिखित भाषा हैं।
3. जो व्यक्ति बोल नहीं पाते, वे अपनी बात एक-दूसरे तक इशारे (संकेत) से पहुँचाते हैं।
4. भाषा को लिखने के लिए निर्धारित चिह्नों को लिपि कहते हैं।
5. व्याकरण हमें भाषा को शुद्ध बोलना, लिखना, पढ़ना और समझना सिखाता है।

**(ख) सही विकल्प के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. भाषा कहते हैं– (क) मन के भावों को बोलकर या लिखकर प्रकट करने के साधन को ✓
2. भाषा के मुख्य ________________ रूप हैं। (ग) दो ✓
3. भारत की राजभाषा ________________ है। (ग) हिंदी ✓
4. हिंदी भाषा की लिपि ________________ है। (ग) देवनागरी ✓
5. व्याकरण हमें सिखाता है– (ग) भाषा को शुद्ध बोलना, समझना, पढ़ना और लिखना ✓

**(ग) निम्नलिखित राज्यों को उनकी भाषाओं से जोड़िए।**

| राज्य | भाषा |
|---|---|
| 1. ओडिशा | हिंदी |
| 2. बिहार | कन्नड |
| 3. असम | तेलुगु |
| 4. कर्नाटक | मलयालम |
| 5. आंध्र प्रदेश | ओडिया |
| 6. केरल | असमिया |

**(घ) नीचे दी गई भाषाओं को उनकी लिपियों से जोड़िए।**

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| 1. अंग्रेज़ी | देवनागरी |
| 2. पंजाबी | रोमन |
| 3. हिंदी | फ़ारसी |
| 4. उर्दू | गुरुमुखी |

**कुछ करने की बारी**

चित्र देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. राज्य का नाम – पंजाब
   राज्य की राजधानी – चंडीगढ़
   राज्य की भाषा – पंजाबी



2. राज्य का नाम – महाराष्ट्र
   राज्य की राजधानी – मुंबई
   राज्य की भाषा – मराठी



3. राज्य का नाम – जम्मू-कश्मीर
   राज्य की राजधानी – श्रीनगर
   राज्य की भाषा – कश्मीरी



4. राज्य का नाम – गुजरात
   राज्य की राजधानी – गांधीनगर
   राज्य की भाषा – गुजराती



5. राज्य का नाम – केरल
   राज्य की राजधानी – तिरुवनंतपुरम
   राज्य की भाषा – मलयालम



6. राज्य का नाम – पश्चिम बंगाल
   राज्य की राजधानी – कोलकाता
   राज्य की भाषा – बांग्ला



**पता करने की बारी**

कक्षा में अपने सहपाठियों से पता कीजिए कि वे घर पर कौन-सी भाषा बोलते हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 2. ध्वनियाँ और वर्ण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते, वर्ण कहलाती है।
2. वे वर्ण जो बिना किसी अन्य ध्वनि की सहायता के बोले जाते हैं, उन्हें स्वर कहते हैं।
   व्यंजन वे वर्ण होते हैं जो स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं।
3. वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते हैं।
4. जब किसी व्यंजन को बिना स्वर के लिखा जाता है तब उसके नीचे तिरछी रेखा के रूप में हलंत ( ्) का प्रयोग किया जाता है।

**(ख) नीचे लिखे वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए।**

| | |
|---|---|
| 1. ग् + आ + य् + अ | गाय |
| 2. प् + आ + न् + ई | पानी |
| 3. उ + द् + य् + आ + न् + अ | उद्यान |
| 4. म् + अ + छ् + अ + ल् + ई | मछली |
| 5. ह् + इ + म् + आ + ल् + अ + य् + अ | हिमालय |
| 6. प् + उ + स् + त् + अ + क् + आ + ल् + अ + य् + अ | पुस्तकालय |

**(ग) दिए गए द्वित्व व्यंजन एवं संयुक्त अक्षर से दो-दो शब्द बनाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. च्च | – | बच्चा | सच्चा |
| 2. न्न | – | गन्ना | अन्न |
| 3. ल्ल | – | बिल्ली | मोहल्ला |
| 4. त्त | – | पत्ता | गत्ता |
| 5. प्य | – | प्यार | प्यास |
| 6. द्य | – | विद्या | उद्यान |

**(घ) सही विकल्प के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. जिन वर्णों का उच्चारण अन्य ध्वनि की सहायता से न हो– (ख) स्वर होते हैं। ✓
2. जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से होता है– (ग) व्यंजन होते हैं। ✓
3. 'समूह' शब्द में आए वर्ण हैं– (क) स् + अ + म् + ऊ + ह् + अ ✓
4. 'पुस्तक' शब्द में आए वर्ण हैं– (ख) प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ ✓
5. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन का प्रयोग हुआ है? (क) कच्चा ✓

**(ङ) 'र' के विभिन्न प्रयोगों के दो-दो शब्द लिखिए।**

1. र् + म – र्म कर्म शर्म

2. क् + र – क्र क्रम चक्र

3. ट् + र – ट्र ट्रेन ट्रक

**(च) अनुस्वार और चंद्रबिंदु से बने चार-चार शब्द लिखिए।**

1. अनुस्वार ( ं ) चंद्रमा बंदर मंदिर चंदन
2. चंद्रबिंदु ( ँ ) चाँद आँधी आँगन बाँसुरी

**(छ) दिए गए चित्रों के नाम लिखकर उनमें आए वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए।**



किसान क् + इ + स् + आ + न् + अ



गुलाब ग् + उ + ल् + आ + ब् + अ




गिलास ग् + इ + ल् + आ + स् + अ



तलवार त् + अ + ल् + अ + व् + आ + र् + अ

## कुछ करने की बारी

रेलगाड़ी के डिब्बे में शब्द लिखकर शब्द-रेल बनाओ। ध्यान रहे, प्रत्येक शब्द के अंतिम वर्ण से आगे वाला शब्द बनेगा।




## पता करने की बारी

पाँच वस्त्रों के नाम पता कीजिए जो अंग्रेज़ी और हिंदी में समान रूप से बोले जाते हैं; जैसे–कोट।

फ्रॉक, जैकेट, पेंट, टी-शर्ट, स्कर्ट

## 3. शब्द विचार

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं। जैसे– अलमारी, कुर्सी, पुस्तकालय आदि।
2. वाक्य में प्रयोग करते समय जिन शब्दों के रूप में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण परिवर्तन आए, वे विकारी शब्द कहलाते हैं। विकारी शब्द चार प्रकार के होते हैं–

   1. संज्ञा 2. सर्वनाम 3. विशेषण 4. क्रिया।
3. अर्थ के आधार पर शब्द के चार भेद हैं–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. एकार्थी शब्द | – | आगरा, ताजमहल | | |
| 2. अनेकार्थी शब्द | – | अंक | – | संख्या, गोद |
| | – | अर्थ | – | मतलब, धन |
| 3. समानार्थी शब्द | – | फूल | – | पुष्प, सुमन |
| | | संसार | – | दुनिया, विश्व |
| 4. विलोम शब्द | – | अमीर | – | गरीब |
| | | स्वर्ग | – | नरक |

**(ख) सही विकल्प के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. निम्नलिखित शब्दों में से सार्थक शब्द कौनसा है? | (ग) टिकट | ✓ |
| 2. इनमें अविकारी शब्द का भेद है– | (ग) अनेकार्थी | ✓ |
| 3. 'अंबर' का अनेकार्थी शब्द कौनसा है? | (ख) वस्त्र | ✓ |
| 4. जिन शब्दों का समान अर्थ हो, वे कहलाते हैं– | (ग) समानार्थी शब्द | ✓ |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो उदाहरण लिखिए।**

1. संज्ञा – कोलकाता, रामायण
2. सर्वनाम – हम, वह
3. विशेषण – सुंदर, अच्छा
4. क्रिया – खेलना, पढ़ना

**(घ) निम्नलिखित शब्दों में सार्थक शब्दों पर गोला लगाइए।**

(पानी) वाय (कबूतर) रबतन (फौज़)

बुसान (हाथी) (जादूगर) लपटन (लालटेन)

**कुछ करने की बारी**

निम्नलिखित राज्यों के दो-दो शहरों के नाम लिखिए।

| **राज्य** | **शहर** |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | नोएडा, गाजियाबाद |

| | |
|---|---|
| बिहार | पटना, गया |
| तमिलनाडु | तंजावुर, मदुरै |
| हरियाणा | हिसार, रोहतक |
| पंजाब | अमृतसर, लुधियाना |

**पता करने की बारी**

किन्हीं पाँच फसलों के नाम पता कीजिए।

गेहूँ, जौ, बाजरा, कपास, धान

# 4. शब्द भंडार

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. एक-दूसरे शब्द का उलटा अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।
2. 'ठंडा' का विलोम शब्द 'गरम' होता है।

**(ख) रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों से वाक्य पूरे करिए।**

1. दिल्ली में अनेक प्राचीन और **नवीन** इमारतें हैं।
2. हमें लोगों की बुराई नहीं, **भलाई** के बारे में सोचना चाहिए।
3. व्यवसाय में लाभ या **हानि** तो होती ही रहती है।
4. करेला कड़वा होता है लेकिन आम **मीठा**।
5. इस प्रश्न का **उत्तर** बताओ।

**(ग) दिए गए शब्दों के उचित विलोम शब्द चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. जन्म | (क) मरण | ✓ |
| 2. सफल | (ग) असफल | ✓ |
| 3. अपना | (ख) पराया | ✓ |
| 4. भला | (ग) बुरा | ✓ |

**(घ) विलोम शब्दों के जोड़े मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| 1. साकार | अयोग्य |
| 2. उचित | प्राचीन |
| 3. आकाश | परतंत्र |
| 4. नवीन | अनुचित |
| 5. योग्य | पाताल |
| 6. स्वतंत्र | निराकार |

**कुछ करने की बारी**

शब्द-जाल में से नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़कर उन पर गोला लगाइए।

| | |
|---|---|
| व्यय | आय |
| मान | अपमान |
| धर्म | अधर्म |
| मित्र | शत्रु |
| कठोर | कोमल |
| प्रकाश | अंधकार |
| अपना | पराया |
| उचित | अनुचित |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आ | य | द | छ | अ | को |
| य | र | ज | श | न | म |
| प | रा | या | त्रु | स | ल |
| ज | अ | प | मा | न | व |
| अ | श | अं | ध | का | र |
| ध | ह | र | ख | ग | स |
| र्म | अ | नु | चि | त | द |

**पता करने की बारी**

ऐसे पाँच शब्द लिखिए जिनमें 'अ' जोड़ने से उसका विलोम शब्द बन जाए।

सत्य-असत्य    हिंसा-अहिंसा    न्याय-अन्याय    स्वस्थ-अस्वस्थ    सुंदर-असुंदर

## समानार्थी शब्द

समान अर्थ बताने वाले शब्द समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। समानार्थी शब्दों में अर्थ की समानता रहती है।

- ❖ पाठ पृष्ठ 27 पर दिए चित्रों के वाक्यों को बच्चों से पढ़वाएँ। तदुपरांत प्रत्येक शब्द का एक ही अर्थ है, बताएँ।
- ❖ इस प्रकार समानार्थी शब्द की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 28 पर दिए पर्यायवाची शब्दों की सूची बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ बीच-बीच में शब्दों के अर्थ भी बताते रहें।
- ❖ पाठ में बच्चों की रुचि जानने के लिए बीच-बीच में शब्दों के पर्यायवाची शब्द पूछें।
- ❖ सभी बच्चों को वाचन का अवसर दें।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से जानें।
- ❖ शेष अभ्यास पुस्तक में करवाएँ।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. समान अर्थ बताने वाले शब्दों को समानार्थी शब्द कहते हैं।
2. वृक्ष और तरु का एक अन्य समानार्थी शब्द है– पेड़।

**(ख) दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**

1. बालक – शिशु, बच्चा    2. राजा – नृप, नरेश
3. ईश्वर – ईश, प्रभु    4. बादल – जलद, नीरद
5. दानव – असुर, राक्षस

**(ग) जो शब्द अन्य शब्दों का समानार्थी नहीं है उस पर गोला लगाइए।**

1. मानव    मनुष्य    दानव    नर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | सरिता | सागर | नदी | तटिनी |
| 3. | फूल | पुष्प | उपवन | सुमन |
| 4. | अचल | बादल | जलद | नीरद |
| 5. | मित्र | शत्रु | सखा | साथी |
| 6. | नूतन | नया | नव | सौरभ |


**(घ) रंगीन शब्दों के उचित समानार्थी शब्द को चुनिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मेरे घर के आगे **तालाब** है। | (ख) सरोवर | ✓ |
| 2. | आज बहुत तेज़ **हवा** चल रही है। | (क) समीर | ✓ |
| 3. | कल लगातार **पानी** बरसा। | (घ) नीर | ✓ |
| 4. | **आसमान** में अनेक तारे हैं। | (क) नभ | ✓ |
| 5. | रघु मेरा **शत्रु** है। | (ख) दुश्मन | ✓ |
| 6. | अशोक महान **सम्राट** थे। | (ग) राजा | ✓ |

**कुछ करने की बारी**

दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्दों से शब्द-सीढ़ी पूरी करिए।

1. घर
2. कमल
3. बादल
4. सूरज
5. आँख
6. माता




**पता करने की बारी**

कक्षा के सभी छात्र अपने-अपने नामों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखकर दिखाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

कभी-कभी हम बातों-बातों में किसी शब्द को लंबे रूप में बोल देते हैं जबकि उसका संक्षिप्त या छोटा रूप भी होता है। इसलिए किसी शब्द के लंबे रूप यानि अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग किया जाता है, जिससे भाषा में सुंदरता और संक्षिप्तता आती है तथा भाषा अधिक प्रभावशाली भी हो जाती है।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को बताएँ कि बहुत सारे शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करना चाहिए।
- समझाएँ, नभ में उड़ने वाले को नभचर तथा शाक-सब्ज़ी खाने वाले को शाकाहारी कहते हैं।
- इसी प्रकार समझाते हुए अब पाठ पृष्ठ 31 पर दिए चित्रों एवं वाक्यों पर ध्यान दिलाते हुए वाक्य पढ़ें और चर्चा करें– पुजारी कौन होता है।, अनपढ़ किसे कहते हैं। **गगन को चूमने वाली** शब्द को एक शब्द में **गगनचुंबी** कहते हैं। **देखने योग्य** शब्द का एक शब्द होगा **दर्शनीय** आदि पर बातचीत करते हुए अथवा प्रश्न पूछते हुए बच्चों को समझाया जा सकता है।

- ❖ बच्चों को परिभाषा याद करवाएँ।
- ❖ बीच-बीच में बच्चे भी इस प्रकार के अन्य शब्द बताएँ। बच्चों से पूछें कि वे प्रतिदिन इस तरह के कौन-कौन से शब्द बोलते हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ 32-33 पर दिए शब्दों को स्वयं पढ़ें और बच्चों से भी पढ़वाएँ।
- ❖ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पढ़वाने के बाद बच्चों में रुचि और जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से उनसे प्रश्न पूछे जा सकते हैं कि श्रमिक क्या करता है, निडर किसे कहते हैं, सत्यवादी किसे कहा जाता है। पूछें, भारत-भूमि पर किस महापुरुष को सत्यवादी के नाम से जाना जाता है।
- ❖ बीच-बीच में पूछते रहें कि बच्चे समझ पा रहे हैं या नहीं।
- ❖ बच्चों से पाठ अभ्यास करवाएँ, यथोचित सहायता भी करें।

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वाक्य अधिक अच्छे और प्रभावशाली बन जाते हैं।
2. गगनचुंबी।

**(ख) दिए गए चित्रों के बारे में अनेक शब्दों का समूह लिखिए।**




लोहे का काम करने वाला



सोने-चाँदी की चीज़ें बनाने वाला



खेत में काम करने वाला



जो पढ़ाता है



जो हवाई जहाज़ चलाता है



जो मिट्टी के बर्तन बनाता है

**(ग) दिए गए अनेक शब्दों के लिए उचित एक शब्द चुनिए।**

1. मीठा बोलने वाला (ग) मृदुभाषी ☑
2. जो दिखाई न दे (घ) अदृश्य ☑
3. साथ में पढ़ने वाला (क) सहपाठी ☑
4. कविता लिखने वाला (ख) कवि ☑

**(घ) दिए गए एक शब्द के लिए उचित अनेक शब्दों के समूह पर गोला लगाइए।**

1. सत्यवादी
   - जो सदा सत्य बोले
   - जो कुछ ना बोले
   - जो सत्य न बोले

2. सदाचारी
   - बुरे व्यवहार वाला
   - बुरे आचरण वाला
   - अच्छे आचरण वाला


3. शाकाहारी
   - मांस-मछली खाने वाला
   - शाक-सब्ज़ी खाने वाला
   - भूखा रहने वाला

4. अनपढ़
   - जो पढ़ा-लिखा न हो
   - जो पढ़ा-लिखा हो
   - जो पढ़ना जानता हो

**कुछ करने की बारी**

दिए गए अनेक शब्दों के आधार पर शब्द-सीढ़ी पूरी करिए।

1. जिसके मन में डर न हो – निडर
2. जिसके हृदय में दया न हो – निर्दय
3. जो गिना न जा सके – अनगिनत
4. जो कभी न मरे – अमर
5. जिसका भाग्य बहुत अच्छा हो – भाग्यवान
6. जो पढ़ा-लिखा हो – शिक्षित




**पता करने की बारी**

आपके आस-पास काम करने वाले कुछ लोगों के लिए वाक्यांश के लिए एक शब्द प्रयुक्त होता है। कुछ ऐसे शब्दों का पता कीजिए। जैसे– दूध बेचने वाला - दूधवाला।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## अनेकार्थी शब्द

अनेकार्थी अर्थात् जिसके अनेक अर्थ हों। शब्द-विचार के अंतर्गत आने वाले अनेकार्थी शब्द किसी शब्द का एक से अधिक अर्थ रखते हैं। हिंदी भाषा में ऐसे अनेक शब्द हैं जो एक ही शब्द का भिन्न-भिन्न अर्थ रखते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से पूछें, 'सोना' शब्द का क्या अर्थ है। 'डाल' शब्द किस-किसके लिए प्रयोग होता है। बच्चे इन शब्दों के अलग-अलग अर्थ बताएँगे। तदुपरांत आप बताएँ, 'सोना' तथा 'डाल' ये शब्द अनेकार्थी शब्द हैं क्योंकि इनके एक से अधिक अर्थ हैं।
- ❖ इस प्रकार बच्चों से चर्चा करते हुए, पाठ पृष्ठ 36-37 पर दिए उदाहरणों से विषय को और सरल बनाएँ।
- ❖ अनेकार्थी शब्दों के अर्थ स्वयं पढ़ें तथा वाक्य प्रयोग प्रत्येक बच्चे से पढ़वाएँ।
- ❖ बच्चों की पाठ के प्रति रुचि जानने के उद्देश्य से बीच-बीच में किसी शब्द का अर्थ या वाक्य प्रयोग पूछें।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें।
- ❖ पाठ के मौखिक प्रश्न के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ पाठ अभ्यास बच्चों से पुस्तक में करने को कहें, आप जाँचें।

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।
2. किनारा और बाण 'तीर' शब्द के अर्थ हैं।

**(ख) दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. लाल | रंग<br>बेटा | 2. फल | नतीजा<br>खाने का फल |
| 3. उत्तर | जवाब<br>एक दिशा | 4. हल | समाधान<br>खेत जोतने का यंत्र |
| 5. मत | मना करना<br>वोट | 6. तीर | किनारा<br>बाण |

**(ग) दिए गए शब्दों के भिन्न अर्थ प्रकट करने वाले दो-दो वाक्य बनाइए।**

1. उसने गले में **हार** पहना।
   पड़ोसी देश मैच **हार** गया।
2. आजकल **सोना** बहुत महँगा हो गया है।
   हमें देर तक नहीं **सोना** चाहिए।
3. उसने मेरे प्रश्न का **उत्तर** नहीं दिया।
   मेरा घर **उत्तर** दिशा में है।
4. वह **बस** से उतरा।
   **बस** और आगे मत बढ़ो।

**(घ) दिए गए शब्दों के गलत अर्थ को पहचानिए तथा गोला लगाइए।**

1. भाग (क) भात
2. उत्तर (क) गहरा
3. सोना (ख) रोना
4. मत (क) मान जाना
5. डाल (क) चढ़ना
6. गुरु (ग) वोट

**(ङ) दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों के अर्थ लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. मैंने कविता लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया है। | हिस्सा |
| अध्यापक के आने पर छात्र भाग गए। | दौड़ना |
| 2. कल मैं बस से स्कूल गया। | एक वाहन |
| बस मुझे और रोटी नहीं चाहिए। | खत्म/पर्याप्त |
| 3. किसान का हल टूट गया। | खेत जोतने का यंत्र |
| इस समस्या का हल क्या है? | समाधान |
| 4. फल को धोकर खाओ। | खाने वाला फल |

गलत काम का फल गलत होता है। — नतीजा

5. ज़्यादा सोना अच्छी बात नहीं है। — नींद

सोना बहुत महँगा हो गया है। — एक कीमती धातु

**कुछ करने की बारी**

चित्र देखकर अनेकार्थी शब्द पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  | माला | ☑ | बाण | ☐ | पराजय | ☐ |
|  | कागज़ | ☐ | पत्ता | ☑ | मोती | ☐ |
|  | एक फल | ☑ | स्वाद | ☐ | साधारण | ☑ |
|  | अक्षर | ☐ | मूर्ख | ☑ | लाल | ☐ |

**पता करने की बारी**

अध्यापक/अध्यापिका से 'पानी' के अनेकार्थी शब्दों के अर्थ पता कीजिए।

पानी–जल, चमक, इज्जत

# 5. संज्ञा

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वे शब्द जो किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान या भाव का बोध कराते हैं, संज्ञा कहलाते हैं।
2. संज्ञा के तीन भेद हैं– व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा।
3. जातिवाचक संज्ञा द्वारा किसी वस्तु, व्यक्ति, प्राणी या स्थान की संपूर्ण जाति का बोध होता है तथा व्यक्तिवाचक संज्ञा द्वारा किसी विशेष व्यक्ति, विशेष वस्तु, स्थान या विशेष प्राणी का पता चलता है।
4. जिन शब्दों द्वारा किसी वस्तु या प्राणी के गुण-दोष, अवस्था-स्वभाव, दशा आदि भावों का पता चलता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**(ख) दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है। | हिमालय, पर्वत |
| 2. गंगा पवित्र नदी है। | गंगा, नदी |
| 3. रामायण एक पवित्र ग्रंथ है। | रामायण, ग्रंथ |
| 4. लड़का सड़क पर दौड़ रहा है। | लड़का, सड़क |
| 5. बच्चा आम खा रहा है। | बच्चा, आम |

**(ग) सही विकल्प के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. व्याकरण में नाम को क्या कहा जाता है? | (घ) संज्ञा | ✓ |
| 2. संज्ञा के मुख्य कितने भेद हैं? | (क) तीन | ✓ |
| 3. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है? | (घ) सुंदर | ✓ |
| 4. कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है? | (क) गाय | ✓ |
| 5. कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है? | (क) सचिन | ✓ |

**(घ) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से कीजिए।**

1. कल हम **पटना** जाएँगे। (पटना/पवित्र)
2. मुझे एक **पुस्तक** चाहिए। (नाम/पुस्तक)
3. कुतुबमीनार **दिल्ली** में है। (लखनऊ/दिल्ली)
4. हमें दूसरों की **बुराई** नहीं करनी चाहिए। (बुराई/मदद)
5. चिड़िया **घोंसला** बना रही है। (घर/घोंसला)

## कुछ करने की बारी

दिए गए शब्द-जाल में संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए तथा उचित स्थान पर लिखिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | अ | ता | ज | म | ह | ल |
| क्ष | आ | रा | ग | ए | ब | च्चा |
| क | अ | जी | र | लं | त | ग |
| इ | च्छा | व | भी | बा | ऐ | धा |
| गं | ई | छो | उ | ई | ने | ओ |
| गा | ई | टी | ल | औ | ह | ग |
| आ | ज़ा | दी | ड़ | क | रू | री |
| ना | री | अ | का | ख | ग | बी |

| **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **जातिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|
| राजीव | शिक्षक | अच्छाई |
| ताजमहल | बच्चा | लंबाई |
| गंगा | लड़का | गरीबी |
| नेहरू | गधा | आज़ादी |

## पता करने की बारी

आपके पड़ोसियों ने अपने पालतू जानवरों के कुछ नाम रखे होंगे। उनके नाम पता कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 6. लिंग

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. स्त्री जाति तथा पुरुष जाति का बोध कराने वाला शब्द लिंग कहलाता है।
2. लिंग के दो भेद हैं – स्त्रीलिंग, पुल्लिग। स्त्रीलिंग – लड़की, दादी आदि। पुल्लिग – लड़का, दादा आदि।
3. लिंग के आधार पर वाक्य में आने वाले अन्य शब्द बदल जाते हैं। वाक्य में लिंग की पहचान उसमें आए सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्दों से होती है।
4. निर्जीव वस्तुओं एवं विचारों वाले शब्दों का लिंग उनके क्रिया रूप के आधार पर जाना जा सकता है।


**( ख ) चित्रों के नीचे उनके पुल्लिग और स्त्रीलिंग दोनों रूप लिखिए।**



साँप साँपिन



चूहा चुहिया



मोर मोरनी

**( ग ) पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग शब्दों को छाँटकर लिखिए।**

| पुल्लिग | | स्त्रीलिंग | |
|---|---|---|---|
| दरवाज़ा | महोदय | पंडिताइन | चुहिया |
| कमरा | बकरा | खिड़की | सड़क |
| पेड़ | बछड़ा | गायिका | कमीज़ |

**( घ ) पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग शब्दों का मिलान करिए।**

| | |
|---|---|
| 1. लेखक | बछिया |
| 2. बंदर | सेविका |
| 3. बछड़ा | लेखिका |
| 4. पुरुष | छात्रा |
| 5. सेवक | महिला |
| 6. छात्र | बंदरिया |

(मिलान: लेखक → लेखिका, बंदर → बंदरिया, बछड़ा → बछिया, पुरुष → महिला, सेवक → सेविका, छात्र → छात्रा)


**( ङ ) खाली स्थान में रंगीन शब्द का विपरीत लिंग वाला शब्द भरिए।**

1. (क) हमें अपने **अध्यापक** तथा अध्यापिका का सम्मान करना चाहिए।
2. (ग) दुनिया में नर और **नारी** दोनों को समान अधिकार मिलते हैं।
3. (ग) मैंने घर के सामने एक युवक और एक **युवती** को खड़े देखा।

4. (ग) किसान के पास दो बैल और एक **गाय** है।

**( च ) निर्देशानुसार शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

1. नौकरानी का पुल्लिग
2. नायक का स्त्रीलिंग
3. सुनारिन का पुल्लिग
4. सेठ का स्त्रीलिंग
5. सेवक का स्त्रीलिंग
6. हाथी का स्त्रीलिंग




## कुछ करने की बारी

नीचे दिए चित्र को देखिए और इसमें दिखने वाली सभी चीज़ों और व्यक्तियों के नाम सही लिंग के नीचे लिखिए।

| **पुल्लिग** | | **स्त्रीलिंग** | |
|---|---|---|---|
| पिता | पर्दे | माता | कुर्सी |
| दादा | टीवी | दादी | खिड़की |
| भाई | फल | बहन | चटाई |
| नौकर | केक | नौकरानी | मेज़ |
| गुब्बारे | सोफा | | |
| फूलदान | बैग | | |
| अखबार | | | |



## पता करने की बारी

विद्यालय में रखी पुल्लिग और स्त्रीलिंग नामों वाली चीज़ों की सूची बनाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 7. वचन

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं।
2. वचन के दो भेद हैं– एकवचन, बहुवचन।

**(ख) दिए गए चित्रों के एकवचन तथा बहुवचन दोनों रूप लिखिए।**

1.  केला / केले

2.  टोपी / टोपियाँ

3.  पंखा / पंखे

4.  चाबी / चाबियाँ

5.  पुस्तक / पुस्तकें

6.  लड़का / लड़के

**(ग) दिए गए वाक्यों में एकवचन शब्दों के नीचे रेखा खींचिए तथा बहुवचन शब्दों पर गोला लगाइए।**

1. कुत्ता लोगों को देखकर भौंक रहा था।
2. बगीचे में एक गुलाब का पौधा और तीन मोगरे के पौधे थे।
3. मेरे पास तीन पेंसिलें और एक पेन है।
4. पुस्तकें मेज़ पर रख दो।
5. अलमारी में कपड़े रखे हैं।

**(घ) सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. आसमान में **गुब्बारा** उड़ रहा है।
2. मुझे तीन **भाषाएँ** आती हैं।
3. उस घर में दो **महिलाएँ** रहती हैं।
4. दीवार में एक **कील** लगा दो।
5. **चाबियों** का गुच्छा मुझे दे दो।

**(ङ) दिए गए वाक्यों को बहुवचन में बदलकर दोबारा लिखिए।**

1. वह खाना खा रहा है। — वे खाना खा रहे हैं।
2. बच्चा स्कूल जा रहा है। — बच्चे स्कूल जा रहे हैं।
3. बकरी घास खा रही है। — बकरियाँ घास खा रही हैं।

4. चादर धुल गई है। चादरें धुल गई हैं।


5. वह पुस्तक अच्छी है। वे पुस्तकें अच्छी हैं।

**(च) दिए गए विकल्पों में से सही बहुवचन रूप पर गोला लगाइए।**

1. लड़का — लड़के (circled) / लड़काओं / लड़काएँ
2. साड़ी — साड़िएँ / साड़ियाँ (circled) / साड़ियाएँ
3. कपड़ा — कपड़ाँ / कपड़े (circled) / कपड़ाएँ
4. कविता — कविताँ / कवितों / कविताएँ (circled)
5. बकरा — बकराओं / बकरे (circled) / बकरों
6. बच्चा — बच्चाओं / बच्चे (circled) / बच्चाएँ

## कुछ करने की बारी

चित्र देखिए और लिखिए कौन-सी चीज़ें एक हैं और कौन-सी अनेक।



| | |
|---|---|
| घोड़ा-एक | हाथी-एक |
| पेड़-एक | तोता-अनेक |
| चिड़िया-अनेक | बंदर-अनेक |
| खरगोश-अनेक | हिरन-अनेक |
| फूल-अनेक | |

## पता करने की बारी

रिश्ते-नातों में कौनसे ऐसे रिश्ते हैं जिनके नाम बहुवचन रूप में नहीं बदलते?

रिश्ते-नातों में कई ऐसे रिश्ते हैं जो बहुवचन में नहीं बदलते, जैसे– मामा, दादा, चाचा आदि।

# 8. सर्वनाम

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा शब्द के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
2. सर्वनाम के छह भेद हैं–
   1. पुरुषवाचक – मैं, तुम, वह, हम, आप, वे आदि।
   2. निश्चयवाचक – यह, वह, ये, वे।
   3. अनिश्चयवाचक – कोई, कुछ।
   4. प्रश्नवाचक – क्या, कौन।
   5. निजवाचक – अपने-आप, खुद।
   6. संबंधवाचक – जब-तब, जो-सो, जैसा-वैसा, जिसकी-उसकी।
3. जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग बोलने वाला अपने लिए, सुनने वाले के लिए तथा किसी अन्य व्यक्ति के लिए करता है, वे पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे– मैं, तू, वह, तुम, हम, आप, वे आदि।

   अपने लिए– मैं, हम, मेरा, हमारा, मुझे, हमें आदि का प्रयोग होता है।

   श्रोता के लिए– तू, तुम, आप, तेरा, तुम्हारा, आपका आदि का प्रयोग होता है।

   किसी अन्य व्यक्ति के लिए– वह, वे, उन्हें, उनको आदि शब्दों का प्रयोग होता है।
4. निश्चयवाचक सर्वनाम में किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध होता है। इसमें यह, वह तथा ये, वे सर्वनाम शब्दों का प्रयोग होता है। जबकि अनिश्चयवाचक सर्वनाम में किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता। इसमें कोई, कुछ सर्वनाम शब्दों का प्रयोग होता है।

**( ख ) रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम भरकर वाक्य पूरे कीजिए।**

1. रवि **मुझे अपनी** पुस्तक दे दो।



2. **मैं** कल **तुम्हारी** पुस्तक ला दूँगा।



3. माँ **मैं** स्कूल जा रहा हूँ।



4. क्या **तुमने अपनी** पानी की बोतल ले ली?



5. पिता जी **आपने** खाना खा लिया? **मुझे** भी भूख लग रही है।



6. **मैं** खा चुका हूँ। **तुम** भी खा लो।



**( ग ) रंगीन संज्ञा शब्द के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्द चुनिए।**

1. अध्यापिका ने **अध्यापिका की** कक्षा में बच्चों को कहानी सुनाई। (क) अपनी ✓

2. राजीव और **राजीव के** दोस्त ने शाम को पतंग उड़ाई। (घ) उसके ☑

3. महेश और **महेश का** दोस्त बाज़ार गए हैं। (ग) उसका ☑

4. करण सो गया लेकिन **करण के** मित्र पढ़ रहे हैं। (घ) उसके ☑

5. भावना ने **भावना के** लिए एक सुंदर फ़्रॉक खरीदी। (क) अपने ☑

**(घ) उचित सर्वनाम शब्द से रिक्त स्थान भरिए।**

1. **आप** दिल्ली से कब आए?
2. तुम **क्या** खा रहे हो?
3. **मेरी** पुस्तक लौटा दो।
4. रवि **अपने** घर लौट गया।
5. **तुम्हारा** घर कहाँ है?

**(ङ) सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य लिखिए।**

1. **मुझे** कल आगरा जाना है।
2. मैं अपना काम **स्वयं** कर लूँगा।
3. **तुम्हारा** नाम क्या है?
4. **उनका** पीछा करो।
5. **उन्होंने** नए कपड़े पहने हैं।

## कुछ करने की बारी

सही सर्वनाम लिखकर कहानी पूरी कीजिए।



दो मित्र थे। **वे** जंगल से जा रहे थे। **उन्होंने** सामने से भालू आते देखा। एक मित्र **अपनी** जान बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। दूसरा मित्र पेड़ पर नहीं चढ़ पाया। **उसे** एक उपाय सूझा। **वह** ज़मीन पर साँस रोककर लेट गया। भालू **उसके** पास आया, **उसे** सूँघा और मरा हुआ समझकर चला गया। इस तरह **उसने** भालू से अपनी जान बचाई।

## पता करने की बारी

बहुवचन रूप में कौन-कौन से सर्वनाम शब्द प्रयुक्त होते हैं?

हम, आप, वे, ये, इन्हें, उन्हें आदि सर्वनाम बहुवचन रूप में प्रयुक्त होते हैं।

# 9. विशेषण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं।
2. जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है, विशेष्य कहलाते हैं।
3. विशेषण गुण, आकार, रंग, संख्या आदि की जानकारी देते हैं।

**(ख) नीचे दिए चित्रों के नाम उनकी एक विशेषता के साथ लिखिए।**


चालाक बिल्ली


भोला कबूतर


दो तोते


रंग-बिरंगी पतंगें


मोटा आदमी


घना पेड़

**(ग) वाक्यों में आए विशेषण तथा विशेष्य शब्द छाँटकर दिए गए स्थान पर लिखिए।**

| | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| 1. सौरभ होशियार बालक है। | होशियार | सौरभ |
| 2. किसान मेहनती होता है। | मेहनती | किसान |
| 3. इस विशाल भवन को देखो। | विशाल | भवन |
| 4. दिनेश डरपोक है। | डरपोक | दिनेश |
| 5. माँ नीली छतरी लेकर आई। | नीली | छतरी |
| 6. आज चार बच्चे अनुपस्थित हैं। | चार | बच्चे |

**(घ) दिए गए विकल्पों में से अनुचित विशेषण को चुनिए।**

1. भवन — (घ) चतुर ✓
2. बालक — (ग) भड़कीला ✓
3. फ़्रॉक — (घ) कड़वी ✓

4. टमाटर (घ) सुस्त ✓

**(ङ) सही विशेषण शब्दों को चुनकर खाली स्थान भरिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नीला | चटपटे | चमकीले | खूँखार | अद्‌वितीय | गोल | स्वादिष्ट |

1. ताजमहल **अद्‌वितीय** है।
2. आसमान **नीला** है।
3. भोजन **स्वादिष्ट** है।
4. समोसे **चटपटे** हैं।
5. शेर **खूँखार** है।
6. पृथ्वी **गोल** है।
7. तारे **चमकीले** हैं।
8. गाय **पालतू** जानवर है।

**(च) दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए एक विशेषण शब्द लिखिए।**

बच्चे स्वयं उत्तर देंगे।

**कुछ करने की बारी**

कौन, कैसा दिखता है? लिखिए।



1. गुलाबी फूल 2. लाल सेब 3. घने बादल 4. रंग-बिरंगी तितलियाँ 5. काले कौए
6. हरे तोते

**पता करने की बारी**

दूध या पेट्रोल को लीटर में क्यों मापते हैं? पता कीजिए।

दूध या पेट्रोल तरल पदार्थ है। तरल पदार्थों को लीटर में मापा जाता है।

# 10. क्रिया तथा काल

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जो शब्द कार्य का करना या होना बताते हैं, उन्हें क्रिया कहते हैं।
2. बिना क्रिया के वाक्य अधूरे एवं अर्थहीन हो जाते हैं।
3. काल के तीन भेद हैं– वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्यत् काल।

**( ख ) उचित क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।**

1. बंदर पेड़ पर **उछल** रहा है।
2. चिड़िया घोंसला **बना** रही है।
3. संजय पुस्तक **पढ़ता** है।
4. पिता जी दफ़्तर **जाते** हैं।
5. कुम्हार बर्तन **बनाता** है।
6. बिल्ली चूहे के पीछे **दौड़** रही है।

**( ग ) चित्रों को देखकर बताइए कि कौन क्या कर रहा है?**



किसान हल **चला रहा है।**



लड़का **खेल रहा है।**



लड़की बाज़ार **जा रही है।**



चिड़िया **उड़ रही है।**



सूरज **निकल रहा है।**




गार्ड झंडी **दिखा रहा है।**

**( घ ) दिए गए वाक्यों के सामने काल का नाम लिखिए।**

1. बच्चे पार्क में खेल रहे हैं। – वर्तमान काल
2. मैं कल चिड़ियाघर देखने जाऊँगा। – भविष्यत् काल
3. नौकर काम करता था। – भूतकाल
4. मैं खाना नहीं खाऊँगा। – भविष्यत् काल
5. नेहा नाच रही थी। – भूतकाल
6. रोहन पतंग उड़ा रहा है। – वर्तमान काल

( ङ ) **चित्रों को उचित क्रिया शब्दों के साथ जोड़िए।**




## कुछ करने की बारी

इस चित्र में क्या-क्या हो रहा है? लिखिए।



बेला नाच रही है।

लता पानी में नाव चला रही है।

लोग छाता लेकर घूम रहे हैं।

मेंढक पानी में कूद रहा है।

बिजली चमक रही है।

हलवाई समोसे बना रहा है।

## पता करने की बारी

कौन-कौन से काम अपने-आप होते हैं? जैसे– हवा चलती है।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 11. क्रियाविशेषण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं।
2. क्रियाविशेषण की पहचान वाक्य में क्रिया पर 'कब', 'कहाँ', 'कैसे' तथा 'कितना' शब्दों से प्रश्न करके की जाती है। जैसे–

| | |
|---|---|
| वह **कल** आएगी। | (कब आएगी? उत्तर-कल) |
| वह **यहाँ** बैठेगा। | (कहाँ बैठेगा? उत्तर-यहाँ) |
| वह **तेज़** चल रहा है। | (कैसे चल रहा है? उत्तर-तेज़) |
| वह **कम** खाता है। | (कितना खाता है? उत्तर-कम) |

अत: कल, यहाँ, तेज़, कम क्रियाविशेषण शब्द हैं।

**(ख) नीचे लिखे वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्द रेखांकित कीजिए।**

1. मालती **<u>कम</u>** बोलती है।
2. हमारा विद्यालय **<u>कल</u>** बंद रहेगा।
3. दादा जी **<u>प्रतिदिन</u>** पार्क जाते हैं।
4. मोहन **<u>अचानक</u>** आ गया।
5. वर्षा **<u>लगातार</u>** हो रही है।
6. वह **<u>धीरे</u>** चलता है।

**(ग) कोष्ठक में दिए उचित क्रियाविशेषण शब्द से वाक्य पूरे कीजिए।**

| | |
|---|---|
| 1. घोड़ा बहुत **तेज़** दौड़ता है। | (तेज़ी/तेज़) |
| 2. चार दिनों से **लगातार** बारिश हो रही है। | (अचानक/लगातार) |
| 3. मधु **अच्छा** नाचती है। | (अच्छी/अच्छा) |
| 4. वह लड़का **धीरे** चलता है। | (धीरे/इतना) |
| 5. कुछ लोग **भीतर** नहीं आए। | (भीतर/भीतरी) |

**(घ) नीचे दिए गए क्रियाविशेषण शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. वह **कल** विद्यालय नहीं जाएगा।
2. मैं **एकदम** रुक गया।
3. हम उसके **बराबर** चल रहे थे।
4. उसने **ऊपर** देखा।
5. उसने **लगभग** सारा काम कर दिया।

**(ङ) कोष्ठक में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सुनीता बाहर जा रही है। | (कहाँ जा रही है?) | बाहर |
| 2. सौम्या बहुत बातें करती है। | (कितनी बातें करती है?) | बहुत |
| 3. विजय तेज दौड़ता है। | (कैसे दौड़ता है?) | तेज़ |
| 4. निखिल अचानक गिर पड़ा। | (कैसे गिर पड़ा?) | अचानक |
| 5. बच्चे प्रात: विद्यालय गए। | (कब गए?) | प्रात: |

**कुछ करने की बारी**

कल आपका जन्मदिन था। अपने जन्मदिन के बारे में बताते हुए पाँच वाक्य लिखिए और क्रियाविशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए।



1. मेरा **कल** जन्मदिन था।
2. मैं **बहुत** खुश था।
3. मैंने **जल्दी से** केक काटा।
4. सभी ने **ज़ोर से** तालियाँ बजाईं।
5. रात को हम **देर तक** नाचते रहे।

**पता करने की बारी**

आप अपने मित्र से बातचीत करते समय किन-किन क्रियाविशेषण शब्दों का प्रयोग करते हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

## 12. वाक्य

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. शब्दों का वह व्यवस्थित समूह जिसका अर्थ हो, वाक्य कहलाता है।
2. वाक्य के दो अंग हैं– उद्देश्य और विधेय।
   जिसके बारे में कुछ कहा जाए, वह उद्देश्य कहलाता है।
   उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाए, वह विधेय कहलाता है। जैसे–
   उसका भाई चला गया।
   उसका भाई – उद्देश्य
   चला गया – विधेय

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. सब छात्र चिड़ियाघर देखने जा रहे हैं। | सब छात्र |
| 2. मेरे बड़े भाई साहब कोलकाता में रहते हैं। | मेरे बड़े भाई साहब |
| 3. मेरा कोट फट गया है। | मेरा कोट |
| 4. रंग-बिरंगी तितलियाँ फूलों पर मँडरा रही हैं। | रंग-बिरंगी तितलियाँ |
| 5. पिता जी पटना गए हैं। | पिता जी |

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से विधेय छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. मोहन बाज़ार जा रहा है। | बाज़ार जा रहा है। |
| 2. लाल सूट वाली लड़की बाहर खड़ी है। | बाहर खड़ी है। |
| 3. चार किताबें मेज़ पर पड़ी हैं। | मेज़ पर पड़ी हैं। |
| 4. मुझे देर हो रही है। | देर हो रही है। |
| 5. काला घोड़ा तेज़ दौड़ता है। | तेज़ दौड़ता है। |

**(घ) दिए गए शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| 1. सैर प्रातः हूँ मैं जाता करने | मैं प्रातः सैर करने जाता हूँ। |
| 2. दहाड़ शेर पिंजरे में रहा है | शेर पिंजरे में दहाड़ रहा है। |
| 3. रो लड़की है रही | लड़की रो रही है। |
| 4. वर्षा शायद आएगी नहीं आज | शायद आज वर्षा नहीं आएगी। |

**कुछ करने की बारी**

चित्र देखकर दो-दो वाक्य लिखिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

**पता करने की बारी**

पिकनिक पर जाते समय आपकी माता जी क्या-क्या लेकर जाती हैं? पता कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 13. सामान्य अशुद्धियाँ

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. अशुद्ध उच्चारण तथा व्याकरण के नियमों का अभाव भाषा की अशुद्धि के मुख्य कारण हैं।
2. हिंदी भाषा में संज्ञा-विशेषण तथा संज्ञा-क्रिया में लिंग, वचन का तालमेल महत्त्वपूर्ण है।

**(ख) शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को पहचानकर उस पर गोला लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तूम्हारी | (तुम्हारी) | तुम्हारि | तूम्हारि |
| 2. | (व्यक्ति) | व्यक्ती | वयक्ति | व्यकति |
| 3. | आर्शीवाद | (आशीर्वाद) | आशिर्वाद | आर्शिवाद |
| 4. | (निश्चित) | निश्चित | निशिचत | निशचित |
| 5. | किरपा | (कृपा) | क्रपा | कृरपा |
| 6. | वरतनी | वतर्नी | (वर्तनी) | वर्तनि |
| 7. | विग्यान | (विज्ञान) | विगयान | वीज्ञान |
| 8. | हिंदु | (हिंदू) | हींदू | हींदु |
| 9. | सिद्र्धाथ | सिदधार्थ | (सिद्धार्थ) | सीद्धार्थ |
| 10. | दर्शनिय | दर्शर्निय | दशर्नीय | (दर्शनीय) |

**(ग) दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| 1. समुह | समूह | 4. बगिचा | बगीचा |
| 2. मूर्ती | मूर्ति | 5. पुरूष | पुरुष |
| 3. पूण्य | पुण्य | 6. दयालू | दयालु |

**(घ) दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | राहुल पढ़ रही है। | राहुल पढ़ रहा है। |
| 2. | वर्षा हो रहा है। | वर्षा हो रही है। |
| 3. | सुबह हो गया। | सुबह हो गई। |
| 4. | रवि मेरी भाई है। | रवि मेरा भाई है। |
| 5. | भावना बहुत मोटा है। | भावना बहुत मोटी है। |
| 6. | कल्पना खाना खाएगा। | कल्पना खाना खाएगी। |
| 7. | उसकी पास बहुत रुपये है। | उसके पास बहुत रुपए हैं। |
| 8. | हमेशा सच बोलनी चाहिए। | हमेशा सच बोलना चाहिए। |
| 9. | मैंने खाना खाऊँगा। | मैं खाना खाऊँगा। |
| 10. | तुम तुम्हारे घर जाओ। | तुम अपने घर जाओ। |

**(ङ) दिए गए वाक्यों में शब्दों के क्रम को सही करके वाक्यों को दोबारा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. विद्यालय बंद कल रहेगा। | विद्यालय कल बंद रहेगा। |
| 2. मामा जी आएँगे आज। | मामा जी आज आएँगे। |
| 3. लिया खाना मैंने खा। | मैंने खाना खा लिया। |
| 4. उछल-कूद बंदर रहा कर है। | बंदर उछल-कूद कर रहा है। |
| 5. है जन्मदिन मेरा आज। | आज मेरा जन्मदिन है। |
| 6. सर्कस जाऊँगा मैं देखने कल। | मैं कल सर्कस देखने जाऊँगा। |
| 7. तैर में रही बतख तालाब है। | तालाब में बतख तैर रही है। |
| 8. बाग घूम रहा में रोहन है। | रोहन बाग में घूम रहा है। |

### कुछ करने की बारी

दिए गए अनुच्छेद में अशुद्ध शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा उन्हें शुद्ध करके लिखिए।

एक तोता आकाश माग्र से जा रहा था। जब वह समूद्र के उपर से गुज़र रहा था तब एक बाज़ की दृष्टी उस पर पड़ी। बाज़ उसके पिछे लग गया लेकिन तोता सर्तक था। वह अपने दुशमन से बचना जान्ता था। वह अतयंत तेज़ी से उड़ा और बाज़ की नज़रों से औझल हो गया।

**मार्ग समुद्र ऊपर दृष्टि पीछे सतर्क दुश्मन जानता अत्यंत ओझल**

### पता करने की बारी

अपने मित्र से कोई कहानी सुनिए और उसके द्वारा उच्चरित अशुद्ध शब्दों को पहचानिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 14. विराम-चिह्न

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. लिखते समय रुकने या ठहरने अथवा प्रश्नादि के लिए कुछ चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, जिन्हें विराम चिह्न कहते हैं।
2. पूर्ण विराम, अल्पविराम।
3. वाक्य के बीच में जब थोड़ा-थोड़ा रुकना होता है, तब अल्पविराम का प्रयोग किया जाता है।
4. विस्मयसूचक चिह्न का प्रयोग विस्मय, शोक, आश्चर्य, हर्ष आदि भावों को अभिव्यक्त करने के लिए किया जाता है।

**(ख) वाक्यों को पढ़कर पूर्ण विराम या प्रश्नवाचक चिह्न लगाइए।**

1. मैं खाना खा रहा हूँ।
2. क्या तुम मेरे साथ चलोगे?
3. तुम्हें क्या चाहिए?
4. वह कल मेरे घर आएगा।
5. तुम्हें कहाँ जाना है?
6. मैं चौथी कक्षा में पढ़ता हूँ।

**(ग) नीचे दिए वाक्यों में सही स्थान पर विस्मयसूचक चिह्न लगाइए।**

1. वाह! कितना अच्छा खाना बना है।
2. छि! इस गंदगी को साफ़ करो।
3. अरे! तुम कब आए?
4. अहा! कितना सुंदर दृश्य है।

**(घ) दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर अल्पविराम लगाइए।**

1. राम, श्याम और दिनेश अच्छे मित्र हैं।
2. टमाटर, गोभी और आलू ले आओ।
3. तुम, वह और मैं साथ मिलकर खेलेंगे।
4. तुम चलो, मैं आता हूँ।
5. दाल, चावल, रोटी और सब्ज़ी खा लो।
6. मुझे मत रोको, जाने दो।

## कुछ करने की बारी

नीचे दिए चित्र का वर्णन उचित विराम-चिह्नों के साथ पाँच वाक्यों में करिए।




1. यह मेट्रो स्टेशन का दृश्य है।
2. ट्रैक पर एक मेट्रो खड़ी है। उसके सामने टिकट काउंटर पर कंप्यूटर, सैनिटाइजर और जाँच मशीन लगी है।
3. लोगों ने मास्क पहन रखे हैं।
4. टिकट काउंटर पर महिला एक यात्री को टिकट दे रही है।
5. कुछ लोग जाँच मशीन से निकल रहे हैं।

## पता करने की बारी

आप अपने सहपाठी को व्यायाम के फ़ायदे बताते हुए बिना विराम-चिह्न लगाए पत्र लिखिए और उससे पूछिए कि क्या उसे पत्र की सभी बातें समझ आ गई हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 15. मुहावरे

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. भाषा में विशिष्ट अर्थ प्रकट करने वाले शब्द समूह को मुहावरा कहते हैं।
2. मुहावरों के प्रयोग से भाषा आकर्षक और प्रभावशाली बन जाती है।

**(ख) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़िए।**

| | |
|---|---|
| 1. खून-पसीना एक करना | गुस्से से भर जाना |
| 2. आग-बबूला होना | बहुत खुश होना |
| 3. फूला न समाना | बहुत मेहनत करना |
| 4. मुँह ताकना | मूर्ख होना |
| 5. कमर कसना | दूसरों पर निर्भर रहना |
| 6. अक्ल का दुश्मन होना | तैयार होना |

**(ग) दिए गए मुहावरों का उचित अर्थ चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. घुटने टेकना | (ख) हार मान लेना | ✓ |
| 2. अँगूठा दिखाना | (ग) साफ़ मना करना | ✓ |
| 3. भीगी बिल्ली बनना | (ग) डर जाना | ✓ |
| 4. हवा से बातें करना | (क) बढ़ा-चढ़ाकर कहना | ✓ |
| 5. लाल-पीला होना | (ख) क्रोधित होना | ✓ |

**(घ) दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों से कीजिए।**

| | |
|---|---|
| 1. स्कूल से देर से आने पर माँ ________ लगीं। | (ग) लाल-पीला होना |
| 2. चोर चोरी करके ________ हो गया। | (क) नौ-दो ग्यारह होना |
| 3. किसान अपने खेतों में ________ है। | (क) खून-पसीना एक करना |
| 4. ________ साहसी लोगों को शोभा नहीं देता। | (क) भीगी बिल्ली बनना |
| 5. श्रवण कुमार अपने माता-पिता की ________ थे। | (ग) आँखों का तारा |

**(ङ) दिए गए अर्थ के लिए उचित मुहावरे पर गोला लगाइए।**

1. चुगली करना — अँगूठा दिखाना / कान भरना / आग-बबूला होना
2. हार मान लेना — झख मारना / मुँह ताकना / घुटने टेकना
3. गायब हो जाना — दिन-रात एक करना / रफ़ू चक्कर होना / अक्ल का दुश्मन होना
4. धोखा देना — कान पकड़ना / नौ-दो ग्यारह होना / आँखों में धूल झोंकना

**कुछ करने की बारी**

दिए गए चित्रों को पहचानिए तथा उनके नीचे उचित मुहावरे लिखिए।



कान पकड़ना



घुटने टेकना



अँगूठा दिखाना



आँखें दिखाना



घी के दिए जलाना



मुँह में पानी आना

**पता करने की बारी**

आपके घर में बातचीत करते समय कौन मुहावरों का प्रयोग करता है? उनके द्वारा प्रयुक्त मुहावरों की सूची बनाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 21. अपठित-बोध

## अभ्यास

**दिए गए अंशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. एक भेड़िया बीमारी की वजह से कुछ कमज़ोर हो गया। जंगल में शिकार कर अपने लिए भोजन जुटाना अब उसके लिए संभव न रहा। उसको कहीं से भेड़ की खाल मिल गई। उसने एक चाल चली। भेड़ की खाल ओढ़कर वह भेड़ों के एक झुंड में घुस गया। चरवाहे को इसका पता न चला। बस, अब क्या था! मौज-ही-मौज। भेड़िया रोज़ चुपके से भेड़ के एक बच्चे को अलग ले जाता और मिनटों में गड़प कर जाता। कुछ रोज़ यह युक्ति चलती रही। एक दिन चरवाहे के घर पर कुछ मेहमान आने वाले थे। उसने एक बड़ी-सी भेड़ को काटकर उसका सालन बनाने का निश्चय किया। अचानक उसकी दृष्टि भेड़ की खाल ओढ़कर भेड़ बने भेड़िये पर गई। चरवाहे ने फ़ौरन उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी।

   (क) भेड़िया बीमारी की वजह से कमज़ोर हो गया था इसलिए वह शिकार नहीं कर पा रहा था।

   (ख) भेड़िया एक भेड़ की खाल ओढ़कर भेड़ों के झुंड में घुस गया।

   (ग) भेड़ों के बीच रहकर भेड़िया रोज़ भेड़ के एक बच्चे को खा जाता था।

   (घ) चरवाहे के घर मेहमान आने वाले थे। वह उनके लिए भेड़ का सालन बनाना चाहता था इसलिए उसने भेड़ को काटने का निश्चय किया।

   (ङ) भेड़ की खाल में भेड़िये को देखकर चरवाहे ने फ़ौरन उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी।

2. एक दिन एक राजा आँधी और तूफ़ान में फँस गया। उसने एक झोंपड़े में शरण ली। उसने देखा, बच्चे ज़मीन पर बैठे हुए खाना खा रहे हैं। खाने में सिर्फ़ पतली खिचड़ी ही थी, पर बच्चे काफ़ी स्वस्थ दिख रहे थे। उनके गालों पर हलकी ललाई थी। राजा ने बच्चों की माँ से इसका राज़ जानना चाहा।

   उनकी माँ ने कहा, "यह सब उन तीन बातों की वजह से है जो बतौर घुट्टी मैं इन्हें खाने के साथ देती हूँ। पहली चीज़, बच्चे मेहनत करके अपना काम स्वयं करें। दूसरी, थोड़े में ही संतोष करना सीखें। तीसरी, मैंने इन्हें अंधाधुंध खाने से दूर रखा है अर्थात् जितनी भूख हो उतना ही खाना खाएँ।"

   (क) राजा आँधी-तूफ़ान में फँस गया।

   (ख) राजा ने झोंपड़े में बच्चों को ज़मीन पर बैठे खिचड़ी खाते देखा।

   (ग) बच्चे काफ़ी स्वस्थ थे तथा उनके चेहरे पर हलकी ललाई थी। राजा ने बच्चों की माँ से इसका राज़ जानना चाहा।

   (घ) माँ ने बच्चों को पहली बात यह सिखाई कि वे मेहनत करके अपना काम स्वयं करें।

   (ङ) माँ ने बच्चों को तीसरी सीख दी कि जितनी भूख हो उतना ही खाना खाएँ।

**3.** एक छोटे-से गाँव में रहने वाले एक मुर्गे को अपनी आवाज़ पर बड़ा नाज़ था। एक दिन एक चालाक लोमड़ी उसके पास आई और बोली, "मुर्गे महाशय! सुना है, आपकी आवाज़ बड़ी प्यारी और बुलंद है!"

   मुर्गे ने गद्गद होकर अपनी आँखें मीचीं और ऊँची आवाज़ में चिल्लाया–कुकड़ू कूँ, परंतु तभी लोमड़ी ने फुर्ती से उसे अपने मुँह में दबोच लिया और जंगल की ओर भाग चली।

   गाँववालों की नज़र उस पर पड़ी तो वे चिल्लाए, "पकड़ो, मारो! यह तो हमारा मुर्गा दबोचे लिए जा रही है।"

   लोमड़ी ने उनकी चिल्लाहट पर ध्यान नहीं दिया। यह देखकर मुर्गा बोला, "लोमड़ी बहन, ये गाँववाले चिल्ला रहे हैं कि तुम हमारा मुर्गा दबोचे लिए जा रही हो। आप इन्हें जवाब क्यों नहीं दे देतीं कि यह मुर्गा आपका है, उनका नहीं?"

   लोमड़ी को मुर्गे की बात जम गई। उसने फ़ौरन मुँह खोला। जैसे ही लोमड़ी का मुँह खुला, मुर्गा उसके मुँह से छूट गया। वह सरपट भागा और अपने गाँववालों के पास पहुँच गया।

1. मुर्गे को किस बात पर नाज़ था? (घ) अपनी आवाज़ पर ✓

2. मुर्गा अपनी बुलंद आवाज़ में चिल्लाया तो लोमड़ी ने क्या किया? (क) अपने मुँह में दबोच लिया। ✓

3. लोमड़ी पर किसकी नज़र पड़ी? (ग) गाँववालों की ✓

4. मुर्गे ने लोमड़ी को क्या सलाह दी? (क) गाँववालों को जवाब देने की ✓

5. लोमड़ी का मुँह खुलने पर क्या हुआ? (ग) मुर्गा लोमड़ी के मुँह से छूट गया। ✓

4. राजा ने वह पत्र पढ़ा जो इस तरह शुरू किया गया था–'मेरी प्यारी माँ, आज यह तीसरी रात है जब मुझे पहरेदारी का मौका दिया गया है। मैं यहाँ कब तक रहूँगा, कह नहीं सकता; किंतु कुछ दिनों में मैंने करीब दस रुपए कमाए हैं, जो मैं तुम्हें भेज रहा हूँ। शायद वे तुम्हारी कुछ ज़रूरतों को पूरा कर सकें।'

माँ के प्रति लड़के के इस गहरे प्यार ने राजा को द्रवित कर दिया। वह फ़ौरन अपने शयनकक्ष में लौटे और अशर्फ़ियाँ ले जाकर उस पहरेदार की जेब में डाल दीं।

लड़का जब जागा तो अपनी जेब में अशर्फ़ियाँ पाकर फ़ौरन समझ गया कि यह काम किसने किया होगा।

सुबह राजा जब अपने शयनकक्ष से निकले तो वह दौड़कर उनके समक्ष नत-मस्तक हो गया और अपनी गलती के लिए क्षमा माँग ली। साथ ही उसने अशर्फ़ियाँ भी लौटा दीं।

राजा ने लड़के के मातृप्रेम की ही नहीं बल्कि ईमानदारी की भी प्रशंसा की और उसे दोगुनी अशर्फ़ियाँ इनाम में दीं।

1. राजा ने किसका पत्र पढ़ा? (ख) पहरेदार का ✓

2. पहरेदार कितने रुपए अपनी माँ को भेज रहा था? (घ) दस रुपए ✓

3. राजा को किसने द्रवित कर दिया? (क) माँ के प्रति बेटे के प्रेम ने ✓

4. राजा ने क्या किया? (ख) पहरेदार की जेब में अशर्फ़ियाँ रख दीं। ✓

5. राजा जब शयनकक्ष से निकले तो पहरेदार ने क्या किया? (घ) दिए गए सभी विकल्प ✓